Regarding alleged irregularities in construction of NH-48 between Kamalighat and Beawar and request for sanction of an underpass in Rajsamand Parliamentary Constituency-laid

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ (राजसमन्द) **:** मेरे संसदीय लोक सभा क्षेत्र राजसमंद में नेशनल हाईवे 48 का कार्य चल रहा है जहां पर वर्तमान में कामलीघाट से ब्यावर तक का कार्य अधूरा पडा है तथा ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य में घटिया सामाग्री का उपयोग कर लापरवाही व अनियमितता बरती जा रही है । उक्त कामलीघाट से ब्यावर तक जो सड़क कार्य प्रस्तावित है उस सड़क नन्दावट से लेकर भीम तक व बग्गड में फ्लाईआवर का निर्माण होने वाला है । उक्त दोनो फ्लाईआवर के पास में सरकारी व निजी अस्पताल संचालित है । 1. नन्दावट (भीम) उप जिला चिकित्सालय, भीम 2. स्तुति अस्पताल, बग्गड (निजी चिकित्सालय) उक्त दोनों अस्पताल उक्त क्षेत्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्यो कि उक्त क्षेत्र के आस-पास रहने वाले लोग कभी भी कोई दुर्घटना या अन्य बीमारी के उपचार हेतु यही आते जाते है परन्तु वर्तमान में उक्त दोनों अस्पताल के पास में फ्लाईआवर का निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिससे आने-जाने के लिए कोई मार्ग नहीं रह पाएगा । मेरा सरकार से आग्रह है कि उक्त दोनों अस्पताल में तुरन्त आने-जाने के लिए अण्डरपास का निर्माण कार्य करवाया जाए ।